नरेगा श्रमिकों के श्रम मद के बकाया भुगतान हेतु 824 करोड़ की स्वीकृति जारी - उप मुख्यमंत्री

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
RK-03-04-2020-09.docx (http://103.203.138.54/news/205654/document/RK-03-04-2020-09.docx)

DESCRIPTION

नरेगा श्रमिकों के श्रम मद के बकाया भुगतान हेतु
824 करोड़ की स्वीकृति जारी
- उप मुख्यमंत्री

जयपुर, 3 अप्रेल। कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु चल रहे देशव्यापी लॉकडाउन से गरीब एवं असहाय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गरीब एवं असहाय लोगों को राहत पहुंचाने के लिए उप मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट निरन्तर प्रयासरत है।

इसी कड़ी में श्री पायलट ने सामग्री मद के तहत 824 करोड़ रूपये तुरंत प्रभाव से श्रमिकों के खाते में डालने के निर्देश दिये हैं ताकि श्रम मद के साथ ही सामग्री मद का भी भुगतान होने से श्रमिकों को ऐसे विकट समय में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो।

उप मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट ने महात्मा गांधी नरेगा में कार्य कर रहे श्रमिकों को श्रम मद का नियमित भुगतान किये जाने के निर्देश भी प्रदान किये हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मार्च के प्रथम पखवाड़े के श्रम मद का भुगतान किया जा चुका है।

- - -

SUPPORTING IMAGES